**For Colleges/UTD**

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 752 / परीक्षा / परीक्षा आवेदन / सेमेस्टर / ऑनलाईन / 2018 रायपुर, दिनांक 25 / 4 / 2018

## // अधिसूचना //

(1) **पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों हेतु :–** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत सत्र 2017–2018 (मई–जून) की परीक्षा के लिए स्नातकोत्तर कक्षाओं– एम.ए./एम.एस.सी./एम.कॉम./एम.ए., एम.एस–सी.(होम–साइंस), बी.पी–एड./एम.पी.एड./बी.एड./एम.एड./मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्र–छात्राओं के लिये द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य/भूतपूर्व/एटीकेटी) के एवं प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के (एटीकेटी) परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है –

(2) **पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं हेतु :–** विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत एम.ए./एम.एस–सी., बी.पी.एड/एम.पी.एड./बी.एड./एम.एड./ मास्टर ऑफ सोशल वर्क के सत्र 2017–2018 (मई–जून) की परीक्षा हेतु छात्र–छात्राओं के लिये द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य/भूतपूर्व/एटीकेटी) के एवं प्रथम/तृतीय सेमेस्टर के (एटीकेटी) परीक्षार्थियों के लिए एवं एम.लिब. द्वितीय सेमेस्टर एवं पी.जी.डिप्लोमा इन रीजनल प्लानिंग एण्ड डव्लपमेंट के द्वितीय सेमेस्टर एवं एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलेशन सायकोलॉजी (पी.जी.डी.आर.पी.) के द्वितीय सेमेस्टर के (मुख्य) परीक्षार्थियों एवं एम.टेक आप्टो इलेक्ट्रानिक्स एण्ड लेजर टेक्नालॉजी के द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य/एटीकेटी) के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है –

(3) **दुर्ग विश्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों हेतु :–** दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2017–18 (मई–जून) की परीक्षा हेतु स्नातकोत्तर कक्षाओं के एम.ए./एम.एस–सी. व एम.ए. एम.एस–सी. (होम साइंस), एम.कॉम,मास्टर ऑफ सोशल वर्क, बी.एड.,एम.एड. एवं बी.पी.एड. के द्वितीय/चतुर्थ (एटीकेटी/भूतपूर्व) एवं प्रथम/तृतीय (एटीकेटी) छात्र–छात्राओं के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है,**परंतु संबंधित परीक्षार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व अपने सेमेस्टर परीक्षाओं की सभी अंकसूचियों के साथ परीक्षा विभाग में संपर्क करने के उपरांत ही वे ऑनलाईन द्वारा आवेदन कर सकेंगे एवं इस बार उनके लिए केवल विश्वविद्यालय अध्ययनशाला, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर में परीक्षा केन्द्र रहेगा।**

**(परीक्षा शुल्क –इंटरनेट बैकिंग/एस.बी.आई बैंक चालान/डेबिट कार्ड के माध्यम से जमा किये जा सकते है।)**

| क्र. | आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **26/04/2018 से 03/ 05/2018 तक** |
| 2. | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन से भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों सहित संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की तिथि | **05/05/2018 तक** |
| 3. | परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नकों सहित एवं नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा, अशेष प्रमाण पत्र के साथ परीक्षा केन्द्रों द्वारा वि.वि. पहुंचाने की तिथि | **08/05/2018 तक** |
| 4 | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **04/ 05/2018 से 09/ 05/2018 तक** |
| 5 | विलंब शुल्क रू.100/– के साथ परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन से भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों सहित संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की तिथि | **11/05/2018 तक** |
| 6 | विलंब शुल्क रू.100/– के साथ परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नकों सहित एवं नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा, अशेष प्रमाण पत्र के साथ परीक्षा केन्द्रों द्वारा वि.वि. पहुंचाने की तिथि | **14/05/2018 तक** |

टीप :– 1. **उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।**

2. जिन कक्षाओं के परिणाम घोषित नही हुए है, उनके संबंधित परीक्षार्थियों को ऑनलाईन से परीक्षा आवेदन करने हेतु अतिरिक्त अवधि दी जावेगी।

3. विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर–जनवरी 2017–18 की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए घोषित केन्द्र सूची अधि. क्र. 879 एवं 880 /परीक्षा/महा.वि./सेमेस्टर/2017 रायपुर,दिनांक 13.10.2017 के द्वारा घोषित की गयी सेमेस्टर परीक्षा केन्द्र सूची अुनसार यथावत रहेंगे, परंतु दुर्ग विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय अध्ययनशाला, पं.र.शु.वि.वि., ,रायपुर में संबंधित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र रहेगा।

क्रमशः..02

**परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–** सेमेस्टर परीक्षा 2017–18 हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. यदि पूर्व में इसी वेबसाईट के माध्यम से Enrollment From/ Exam From भरने हेतु " User ID" प्राप्त किया जा चुका है,तो Login करने हेतु उसी " User ID" एवं Password का प्रयोग करेंगे।
2. विद्यार्थी यदि अपने आई.डी. भूल गये हो,तो " Get Your User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" प्राप्त करेंगे, यदि आई.डी. न मिला तो Signup के द्वारा प्राप्त कर सकते है।
3. Password भूलने की स्थिति में Forget Password के द्वारा Roll no. or Adhar No. के द्वारा भी Login किया जा सकता है।
4. Login करने के उपरांत Exam From विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करेंगे।
5. **Regular/Ex./ATKT** सभी के लिए अलग–अलग परीक्षा फार्म भरा जायेगा और सभी के लिए अलग–अलग Online Fee Payment करेंगे।
6. Fee Payment के बाद Exam From प्रिंट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
7. फार्म भरने हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट पर दिये गये Exam User Manual का प्रयोग अवश्य करे।
8. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो,तो मोबाईल नं.–7489444468 पर अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा वेबसाईट पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करें। जिसके लिए आप Login करके या वेबसाईट पर Register Your Complant से शिकायत दर्ज कर सकते है। अथवा ई–मेल द्वारा **prsumis@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान कर सकते हैं।
9. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे तथा एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/– (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ केन्द्र में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे।

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे तथा एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/– (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ केन्द्र में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे। जिसमें से रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र परीक्षा केन्द्र अपने पास रखेंगे जिसका उपयोग वे परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में व्यय करेंगे जिसका उल्लेख केन्द्राध्यक्षों को पूर्व में वार्षिक परीक्षा 2018 के समय उपलब्ध करायी गयी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश पर उल्लेखित है। एवं रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र आसंजित महाविद्यालयों को अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रदान किया जावेगा।
2. अध्यादेश क्र.170 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के हार्डकापी (आवश्यक संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. प्रस्तावित अध्यादेश क्र. क्रमशः बी.एड.–185, एम.एड. –186 एवं बी.पी.–एड,–187 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के हार्डकापी (आवश्यक संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. जिन कक्षा/विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
5. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किए जा रहे हैं उनकी कक्षा में उपस्थिति 75 % होना अनिवार्य है। 75 % से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाएं जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 75% हो जायेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जाएं। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुये हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जावें।
6. प्रथम सेमेस्टर (एटीकेटी) से लेकर चतुर्थ सेमेस्टर तक के परीक्षार्थी अपना पूर्व में आबंटित रोल नम्बर का ही उपयोग करेंगे।
7. परीक्षा शुल्क/गोसवारा/नॉमिनल रोल, वि० वि० के वेबसाईट–**www.prsu.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

8 10. **अग्रेषण अधिकारी यह ध्यान देवें कि परीक्षार्थियों का पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न कराकर ही परीक्षा आवेदन अग्रेषित करें।**

9 11. दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों को अपना ऑनलाईन आवेदन के करने के पूर्व अपने सेमेस्टर की सभी अंकसूचियों के साथ परीक्षा विभाग में संपर्क करने के उपरांत ही वे ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। अतः संबंधित दुर्ग वि.वि. क्षेत्राधिकार के समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें।

क्रमशः...03

10. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के पात्रता न होने पर भी उसका हार्डकापी परीक्षा आवेदन अग्रेषित कर दिया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी, परंतु यदि ऐसे अपात्र परीक्षार्थी किसी प्रकार से परीक्षा में शामिल हो जाते है तो उनके परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किये जावेंगे।

11. अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी के आवदेन का परीक्षण करें, पश्चात ही वे पात्र परीक्षार्थियों की ही हार्ड कापी का अग्रेषण करें। परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा, अशेष प्रमाण–पत्र के साथ परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी (संलग्नकों) इत्यादि के साथ उपरोक्त निर्धारित तिथि तक दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करेंगे। उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी स्थिति में हार्डकापी संलग्नों के साथ स्वीकार नहीं की जावेगी।

**परीक्षा शुल्क**

| कक्षा /विषय | नियमित (रू.) | भूतपूर्व (रू.) | एटीकेटी(रू.) |
|---|---|---|---|
| बी.एड./बी.पी–एड.(प्रति सेमे.) | 1190 | 1190 | 765 |
| एम.एड. (प्रति सेमे.) | 1535 | 1535 | 1110 |
| एम.एड. (थिसिस/प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध के साथ)(प्रति सेमे.) | 1895 | 1895 | - |
| एम.ए./एम.एस–सी./एम.एस–सी. होम साइंस,/एम.कॉम (प्रति सेमे.) | 1075 | 1075 | 650 |
| एम.ए./एम.एस–सी./एम.कॉम./लघुशोध प्रबंध/ प्रोजेक्ट विषय–रू. 240/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 1315 | 1315 | - |
| मास्टर ऑफ सोशल वर्क (प्रति सेमे.) | 1230 | 1230 | 805 |
| मास्टर ऑफ सोशल वर्क लघुशोध प्रबंध/ प्रोजेक्ट विषय–रू. 240/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 1470 | 1470 | - |
| एम.लिब, लघुशोध प्रबंध/ प्रोजेक्ट विषय–रू. 360/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 1595 | 1595 | - |
| एम.पी.एड.,(प्रति सेमे.) | 1510 | 1510 | 1085 |
| एम.पी.एड.,लघुशोध प्रबंध/प्रोजेक्ट विषय–रू. 360/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 1870 | 1870 | - |
| एम.टेक. आप्टो–इलेक्ट्रॉनिक्स एंड लेजर टेक्नालॉजी (प्रति सेमे.) | 1430 | 1430 | 1010 |
| पी.जी. डिप्लोमा इन रिजनल प्लानिंग एंड डेव्हलपमेंट (प्रति सेमे.) | 1190 | 1190 | - |
| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलेशन सायकोलॉजी (पी.जी.डी.आर.पी.) | 1190 | - | - |

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क. 753/परीक्षा / परीक्षा आवेदन/सेमेस्टर/ऑनलाईन/2018 रायपुर, दिनांक 25/4/2018

**प्रतिलिपि :–**

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक शुल्क विवरण, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा, अशेष प्रमाण–पत्र इत्यादि के साथ परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से जमा कराने की व्यवस्था करावें।
2. स.कु.स., गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि मई–जून में आयोजित होने वाले वि.वि.अध्ययनशाल एवं महाविद्यालयों में होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।
3. वि0क0अ0 नामांकन शाखा/ उ0कु0स0 विकास/ उ.कु.स. अकादमिक
4. प्रभारी,वि.वि.मुद्रणालय/प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा (गोप.)/वित्त नियंत्रक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/समायोजन प्रकोष्ठ/संबंधित कार्यसहायको को (परीक्षा)

क्रमशः..04

6. प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर/रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि.वि. के **खाता कमांक 10049590022** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।

7. प्रभारी, इंटरनेट, कम्प्यूटर–विज्ञान अध्ययनशाला को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे,

8. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्।

9. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर/अमर–किरण, दुर्ग/सबेरा–संकेत, राजनांदगांव को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)